Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Civic Amenities in Sonia Vihar in North East Delhi Parliamentary Constituency - laid

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर पूर्वी दिल्ली की सोनिया विहार कॉलोनी की बदतर हालत की ओर दिलाना चाहता हूं जहां जन सुविधाओं का घोर अभाव है पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है तो सड़को की मरम्मत बीते 8 वर्ष से नहीं हुई है। लगभग 4 वर्ग किलोमीटर में बसी सोनिया विहार कॉलोनी में 3 लाख से अधिक लोग निवास करते हैं 1 प्राथमिक विद्यालय हैं लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए मासूम बच्चों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है या यूं कहें जान जाखिम में डालकर बच्चे विद्यालय पहुंचते हैं क्योंकि गलियों में यह निर्णय करना कठिन है कि यह गली है या गंदे पानी का नाला खासतौर से बारिश के दिनों में हाल और भी बुरा हो जाता है। सोनिया विहार कॉलोनी के रखरखाव का जिम्मा दिल्ली सरकार के डीएसआईडीसी विभाग के पास है और स्थानीय विधायक के द्वारा सड़कों और नालियों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है लेकिन दिल्ली सरकार द्वारा अभी तक इस विषय में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके कारण एक बड़ी आबादी के सामने महामारी फैलने, बड़ी दुर्घटना होने और उसमें बड़ी जनहानि का खतरा उत्पन्न हो गया है अतः मैं माननीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि पूरे मामले पर संज्ञान लेकर सोनिया विहार निवासियों को उनके मूल अधिकार जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्णय लेने की कृपा करें।